Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a washing line and solar energy panel at railway station in Hanumangarh, Rajasthan-laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मेरे संसदीय क्षेत्र गंगानगर (राजस्थान) के अंतर्गत जिला हनुमानगढ़ के रेलवे स्टेशन पर एक वाशिंग लाइन का निर्माण और सोलर ऊर्जा पैनल स्थापित किये जाने की बहुत ही आवश्यकता है । हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय होने के साथ साथ रेलवे के हब के रूप में विकसित हो सकता है, जहाँ से बहुत सी एक्सप्रेस और पैसेंजर गाड़ियों का संचालन होता है । भटिंडा जंक्शन जो कि हनुमानगढ़ जंक्शन से लगभग 80 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, में भी वाशिंग लाइन हेतु साध्य नहीं है और न ही पर्याप्त जगह उपलब्ध है, परन्तु हनुमानगढ़ में वाशिंग लाइन हेतु पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध है और इसकी साध्यता भी है । हनुमानगढ़ में कुल 300 एकड़ जमीन मौजूद है, जोकि वाशिंग लाइन के लिए पर्याप्त है, साथ ही सोलर पैनल स्थापित करने से यहाँ सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा और यह रेलवे स्टेशन एक ग्रीन रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित हो सकेगा ।